दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 18 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 318

## पाकिस्तान को अमेरिका का एक और बड़ा झटका, आर्थिक मदद भी की आधी



**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से गुजर रहे पाकिस्तान को अमेरिका ने एक और झटका दिया है। अमेरिका ने केरी लूगर बर्मन एक्ट के तहत पाकिस्तान को दी जाने वाली प्रस्तावित आर्थिक मदद में 44 करोड़ डॉलर की कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद पाकिस्तान को 4.1 अरब डॉलर की धनराशि दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक मदद में कटौती के फैसले के बारे में पाकिस्तान को इमरान खान के अमेरिकी दौरे से तीन सप्ताह पहले ही आधिकारिक सूचना दे दी गई थी। पाकिस्तान अमेरिका से यह आर्थिक मदद पाकिस्तान एन्हांस पार्टनरशिप एग्रीमेंट (पेपा) 2010 के जरिये हासिल करता है। आर्थिक मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, 90 करोड़ डॉलर की बची हुई अमेरिकी मदद पाने के लिए पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह ही पेपा की समय सीमा बढ़ाई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अक्तूबर, 2009 में अमेरिकी कांग्रेस ने 'केरी लूगर बर्मन ऐक्ट' पास किया था। इसे लागू करने के लिए सितंबर, 2010 में पेपा पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत पाकिस्तान को पांच साल की अवधि में 7.5 अरब डॉलर की मदद दिए जाने की व्यवस्था की गई थी। इस अधिनियम को पाकिस्तान की आर्थिक संरचना में निवेश करने के मकसद से लाया गया था, जिसके तहत देश के ऊर्जा और जल संकट को दूर किया जाना था। आर्थिक मदद में कटौती से पहले 4.5 अरब डॉलर की धनराशि आवंटित की जानी थी, जो अब घटकर 4.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई है।

पाकिस्तान के आर्थिक मंत्रालय के मुताबिक, पेपा उन चार माध्यमों में से एक है, जिनके जरिये अमेरिका पाकिस्तानी नागरिकों को आर्थिक मदद करता है। अमेरिका ने वर्ष 2001 के बाद से पाकिस्तान को सभी माध्यमों से करीब 8.2 अरब डॉलर की आर्थिक मदद का वादा किया है, जिसमें से 6.6 अरब डॉलर की मदद उसे दी जा चुकी है। वहीं अमेरका के इस फैसले पर पाकिस्तान के अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका से मिलने वाली धनराशि में कटौती केवल पाकिस्तान के लिए नहीं की है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विकासशील देशों को दी जाने वाली मदद को घटाने की रणनीति का ही हिस्सा है।

बता दें कि पेपा समझौते के लागू होते ही पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते बिगड़ने शुरू हो गए थे। इसका असर अमेरिका की पाकिस्तान के लिए उसकी प्रतिबद्धताओं और आर्थिक मदद पर भी पड़ा। जनवरी, 2018 में ट्रंप ने एक ट्वीट में पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। साथ ही पाकिस्तान को दी जाने वाली 1.3 अरब डॉलर की सुरक्षा मदद राशि बंद कर दी थी। ट्रंप ने फटकार लगाते हुए कहा था कि पाकिस्तान ने झूठ और धोखे के अलावा अमेरिका को कुछ नहीं दिया।

### महत्वपूर्ण एवं खास

**बाढ़ और भूस्खलन से मृतकों की संख्या हुई 113, 29 लोग लापता**

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल में मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतकों की संख्या 113 हो गयी है तथा आठ अगस्त से राज्य के विभिन्न जिलों में 29 लोग अभी भी लापता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 41,253 परिवार को 1,29,517 लोग विभिन्न जिलों में स्थापित 805 राहत शिविरों में रह रहे हैं। जलस्तर घटने के बाद हालांकि कई लोग अपने घर लौट गये हैं। सूत्रों ने बताया कि अलप्पुझा जिले में छह, कोट्टायम तथा कासरगोड जिले में दो-दो, इडुक्की जिले में पांच, त्रिशूर जिले में नौ, मलप्पुरम जिले में 50, कोझिकोड जिले में 17, वायनाड जिले में 12, पलक्कड जिले में एक और कन्नूर जिले में नौ लोगों की मौत हुई है। सूत्रों के अनुसार अलप्पुरम जिले के 29, वायनाड जिले के सात तथा कोट्टायम जिले का एक व्यक्ति अभी भी लापता है। राज्य में बाढ़ के कारण 1,186 घर पूरी तरह से नष्ट हो गये हैं तथा 12,761 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीजफायर, लांस नायक शहीद**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जब से मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म किया है तभी से बेचैन पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जा रहा है। आज पाक सेना की फायरिंग में भारतीय लांस नायक संदीप थापा शहीद हो गए। पाक सेना ने राजौरी के नौशेरा सेक्टर में फायरिंग की। इस फायरिंग संदीप थापा शहीद हुए। भारतीय सेना ने भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। खबरों के मुताबिक, आज सुबह 6:30 पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। गुरुवार को पाकिस्तान द्वारा राजौरी और उरी में भी सीजफायर उल्लंघन किया गया था जहां भारतीय सेना की जवाबी कार्यवाही में पाकिस्तान के तीन सैनिक मारे गए। यहां तक कि भारत ने उसके कई बंकरों को भी तबाह कर दिया था। बताया जा रहा है कि फायरिंग की आड़ में पाकिस्तान भारत में घुसपैठ की लगातार कोशिश कर रहा है।

**बीवी को फिदायीन बताकर विमान में ब्लास्ट की धमकी देने वाला गिरफ्तार**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अपनी बीवी को फिदायीन बताकर बम विस्फोट की चेतावनी देने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 29 साल के नसीरुद्दीन को बवाना से पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ही एयरपोर्ट की डायल सेवा को कॉल कर फ्लाइट उड़ाने की धमकी दी थी। दरअसल बीते 8 अगस्त को दिल्ली एयरपोर्ट की डायल सेवा को एक गुमनाम कॉल आया था। जिसमें कहा गया कि एक महिला जिसका नाम जमीना है वो फिदायीन है। यह महिला दुबई या सऊदी अरब जाने वाली फ्लाइट को बम से उड़ा सकती है। कॉलर ने जैसे ही यह सूचना एयरपोर्ट कर्मचारियों को दी हड़कंप मच गया। ब्लास्ट की धमकी के बाद हरकत में आए एयरपोर्ट और दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की। जिसमें पता चला कि नसीरुद्दीन की बीवी भारत से बाहर जा रही थी। नसीरुद्दीन ने उसे रोकने के लिए एयरपोर्ट डायल सेवा पर अपनी ही बीवी को फिदायीन बताते हुए कॉल कर दी थी।

**बलूचिस्तान नेशनल पार्टी नेता जेहरी और उनके पोते की गोली मार कर हत्या**

**क्वेटा।** बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) नेता मीर नवाब अमानुल्लाह जेहरी की खुजदार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना शुक्रवार देर रात की है। जेहरी के पोते और अन्य दो मित्रों की भी इस घटना में गोली मार कर हत्या कर दी गई। बीएनपी अध्यक्ष और राष्ट्रीय असेम्बली के सदस्य अख्तर मेंगल ने ट्वीटर पर जेहरी की हत्या की पुष्टि की है। उन्होंने जेहरी की हत्या को पार्टी और बलूचिस्तान की जनता के लिए काला दिवस करार दिया है।'' मेंगल ने कहा बीएनपी और बलूचिस्तान की जनता के लिए एक और काला दिवस। जेहरी की हत्या से हम सभी बेसहारा हो गए हैं।

## दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे पीएम मोदी, हवाईअड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत



**पारो (भूटान)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को दो दिवसीय भूटान पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए भूटान के पीएम लोटे शेरिंग भी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयर पोर्ट पर गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। भूटान में पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है।

17 से 18 अगस्त तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों सहित आपसी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा करेंगे। जिसमें पनबिजली क्षेत्र में सहयोग सहित दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने का विषय भी शामिल हो सकता है। दौरे से पहले भूटान ने 15 अगस्त को प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कहा था कि वह ऐसे शख्स हैं जो भारत को आगे ले जाना चाहते हैं।

माना जा रहा है दोनों देशों के बीच कुछ अहम दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने के बाद पहली बार भूटान दौरे पर जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री की इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 10 एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर दस्तखत होंगे। भूटान में भारत की राजदूत रुचिरा कुमार के अनुसार 10 समझौतों पर दस्तखत के अलावा प्रधानमंत्री पांच परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। साथ ही रुपे कार्ड भी लॉन्च करेंगे।

रुचिरा कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस भूटान यात्रा को दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में निरंतर किए जा रहे प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। गौरतलब है कि पीएम मोदी के दौरे से ठीक पहले भूटान के प्रधानमंत्री डॉक्टर एल शेरिंग ने सोशल पर एक पोस्ट शेयर किया था। भूटानी प्रधानमंत्री ने अपने भारतीय समकक्ष की पुस्तक एग्जाम वारियर्स की तारीफ की थी। डॉक्टर शेरिंग ने पीएम मोदी को सरल और सहज व्यक्ति बताते हुए कहा था कि वह देश को आगे ले जाने वाले कड़े फैसले लेने में भी नहीं हिचकते।

## कपिल मिश्रा बीजेपी में शामिल, मनोज तिवारी ने दिलाई सदस्यता



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के बागी विधायक कपिल मिश्रा शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए. बीजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, सतीश उपाध्याय और विजय गोयल की मौजूदगी में कपिल मिश्रा ने बीजेपी की सदस्यता ली. कपिल के साथ ही आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रिचा पांडे भी बीजेपी में शामिल हुई.

बीजेपी में शामिल होते ही कपिल मिश्रा ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला. कपिल ने कहा, समुद्र के डाकू हैं. केजरीवाल जी को किसी डाकू से कम मत समझना. गुप्ता टेंट हाउस से ही उनकी 70 सीटें आ सकती हैं. दिल्ली की जनता नहीं देगी. उन्होंने कहा कि मैंने लोकसभा में मोदी जी के लिए अभियान चलाया. हां ये बात सही है और मुझे इस बात का गर्व है.

कपिल ने इसके साथ ही कहा, बहुत ही भावुक पल है मेरे लिए. दिल से आभारी हूं. केजरीवाल भ्रष्ट सरकार से लड़ने आए थे. अन्ना जी के साथ थे तो उसूल अलग थे. अब चिदंबरम और सिब्बल दिल्ली सरकार के वकील हैं. इन्होंने पूरा यूटर्न ले लिया है. डीटीसी कर्मचारियों से मिलिए, ऑटो वालों की हालत देखिए. छल कपट करने से भी नहीं चूकते ये लोग. मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं ताकि मैं भारत माता की जय कह सकूं. दिल्ली को विकास की दिशा में चलाने की जरूरत है.

## फिदायीन हमले की आशंका के बाद रेड अलर्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई




**पठानकोट (आरएनएस)।** पंजाब के पठानकोट में हाई अलर्ट घोषित किया गया है. सुरक्षा एजेंसियों से मिल रहे इनपुट के चलते पंजाब पुलिस ने यह कदम उठाया है. अलर्ट के चलते पठानकोट को पूरी तरह सील कर दिया गया है. पुलिस ने अलग-अलग 40 जगहों पर नाके लगाए हैं. इसके साथ ही हर एक गाड़ी की बारीकी से जांच की जा रही है.

ज्ञात हो कि इससे पहले शुक्रवार को फिदायीन हमले के इनपुट मिले थे. जिसके चलते कठुआ और सांबा में हाई अलर्ट घोषित किया गया था. सभी सुरक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई और नाके भी बढ़ा दिए गए. इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने हाईवे और बार्डर लगे इलाकों में खास सतर्कता बरतने की सलाह दी.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जम्मू और पठानकोट के बीच हमले की आशंका जताई जा रही है. कहा जा रहा है कि दो से तीन फिदायीन आतंकी भारतीय सीमा में प्रवेश कर चुके हैं. ये फिदायीन सुरक्षाबलों को निशाना बना सकते हैं. लिहाजा सभी जगह अलर्ट जारी कर दिया गया है.

## घाटी में लैंडलाइन सेवा चालू, 2जी इंटरनेट शुरू

### » सोमवार से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार सुबह से 2जी इंटरनेट सर्विस को शुरू कर दिया गया है। जम्मू, रियासी, सांबा, कठुआ और उधमपुर में इंटरनेट अब काम कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही घाटी में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद, जम्मू और कश्मीर के 22 में से 12 ज़िलों में हालात पूरी तरह सामान्य हो गए हैं। पुंछ और राजौरी ज़िले में अब लैंड लाइन फोन ने काम करना शुरू कर दिया है। इन ज़िलों में लैंडलाइन ब्रॉडबैंड पर लगा प्रतिबंध भी हटा दिया गया है। लोग अपने इंटरनेट का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। प्रधान सचिव ने शनिवार सुबह मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोमवार से घाटी के प्राइमरी स्कूल खुलेंगे, लेकिन सीनियर क्लासेज के स्कूल कुछ वक्त बाद खोले जाएंगे।

राज्य के प्रशासन ने आज घोषणा की है कि बाकी 10 ज़िलों में भी हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं और जल्द ही यहां से भी प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। पाकिस्तान अब भी अफवाह फैलाने और आतंकी हमले की साजिश रच रहा है इसीलिए मोबाइल इंटरनेट पर लगे प्रतिबंध जारी हैं।

राज्य के सरकारी दफ्तरों में भी आज से कामकाज शुरू हो गया है। जम्मू के 5 ज़िलों में 5 दिन पहले ही स्कूल खोल दिए गए थे। कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में अगले हफ्ते से स्कूलों को खोल दिया जाएगा।

मार्च 2019 तक जम्मू और कश्मीर में लैंडलाइन कनेक्शन की संख्या 1 लाख 20 हजार थी। इसके अलावा यहां 1 करोड़ 37 लाख मोबाइल कनेक्शन भी हैं। जम्मू और कश्मीर में 58 लाख इंटरनेट कनेक्शन हैं। जम्मू और कश्मीर में हालात सामान्य होने की खबरों से पाकिस्तान काफी परेशान है। भारत के लोगों को सुकून देने वाली है लेकिन पाकिस्तान को बहुत चुभने वाली है।

## मूसलाधार बारिश के चलते 4 लोगों की मौत

### » एयरपोर्ट में भरा पानी



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में पिछले 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार बांग्लादेशी नागरिकों समेत 19 लोग घायल हो गए हैं. बारिश के कारण सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी पानी भर गया है. भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने के कारण कई उड़ानों को रोक दिया गया है.

पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी भर चुका है, जिसके कारण जगह-जगह जाम की समस्या बन गई है. तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरने की भी सूचना है, जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है. भारी बताया जाता है कि कोलकाता के प्रतिष्ठित विक्टोरिया मेमोरियल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक की पहचान सुबीर पाल के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुबीर अपनी दो साल की बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए परिवार के साथ विक्टोरिया मेमोरियल गए थे. वह कई लोगों के साथ एक पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए.

आसपास के लोगों ने सुबीर और अन्य घायलों को तुरंत एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया. घायलों में चार बांग्लादेशी नागरिक भी बताए जा रहे हैं. इसी तरह बारिश के चलते कोलकाता में दो और मौत हुई, जबकि एक युवक की मौत पुरुलिया जिले में हुई है.

भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार को दक्षिण कर्नाटक में रेड अलर्ट जारी किया था. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. इसमें पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तटीय कर्नाटक के हिस्सों में भारी बारिश के आशंका जताई गई है. कोंकण व गोवा, केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना जताई गई है.

## लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं जेटली, हालत नाजुक



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की हालत नाजुक बनी हुई है। जेटली सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी बढ़ने पर गत 9 अगस्त से यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

सूत्रों के मुताबिक डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम जेटली के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है। गौरतलब है कि अरुण जेटली इस वक्त लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। बता दें कि 9 अगस्त से एम्स में भर्ती अरुण जेटली से मिलने और उनकी तबीयत जानने मोदी सरकार के सभी मंत्री कुछ ही देर में एम्स जाएंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार सुबह एम्स पहुंचकर उनका हाल जाना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी आज अरुण जेटली को देखने पटना से दिल्ली आएंगे। इससे पहले शुक्रवार रात को गृह मंत्री और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने एम्स पहुंचकर जेटली का हालचाल जाना था।

एम्स में भर्ती पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली की तबीयत शुक्रवार देर शाम को फिर बिगड़ी थी। उनके दिल और फेफड़े ठीक तरह से काम नहीं कर रहे हैं, इसीलिए उन्हें एकमो मशीन पर रखा गया है। एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन, जिसे एक्स्ट्राकोर्पोरियल लाइफ सपोर्ट के रूप में भी जाना जाता है, यह उन व्यक्तियों को लंबे समय तक हृदय और सांस संबंधी सहायता प्रदान करने की एक एक्स्ट्राकॉर्पोरियल तकनीक है जिनके हृदय और फेफड़े ठीक ढंग से काम नहीं कर रहे हो।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली को घबराहट और कमजोरी की शिकायत के बाद 9 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था।